## खबर संक्षेप

### सैनिक स्कूल में हुई दो दिवसीय अंतर सदन सांस्कृतिक स्पर्धा



**अम्बिकापुर।** प्रशासनिक अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर जेम्स नायर के आतिथ्य में दो दिवसीय अंतर सदन सांस्कृतिक प्रतियोगिता जूनियर और सीनियर वर्ग में आयोजित की गई प्रतियोगिता में कैडेटों ने समूह नृत्य, समूह गीत और मूक अभिनय की आकर्षक प्रस्तुति दी। कैडेटों ने परिवार सहित उपस्थित स्टाफ के समक्ष अपनी कला, सामाजिक जिम्मेदारियों और टीम भावना का सुंदर प्रदर्शन किया। समूह नृत्य में कैडेटों ने पारंपरिक और आधुनिक नृत्य शैलियों को प्रस्तुत किया वहीं समूह गीतों में देशभक्ति, लोकगीत और प्रेरणादायक प्रस्तुतियां दी। मूक अभिनय और नाटक में कैडेटों ने सामाजिक विषयों पर्यावरण, समानता और अनुशासन को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया।निर्णायक मंडल ने सृजनात्मकता, प्रस्तुति, समन्वय और विषय के आधार पर मूल्यांकन किया। जूनियर वर्ग में तेजस सदन एवं सीनियर वर्ग में अर्जन सिंह सदन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर सबसे अधिक अंक प्राप्त कर विजेता बने। स्क्वाड्रन लीडर श्री नायर ने विजेता सदनों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया और सीमित संसाधनों और कम समय में गुणवत्ता पूर्ण कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए प्रतिभागियों की सराहना की।

### निस्तार और पेयजल के लिए ग्रामीण करते है ढोढ़ी के पानी का उपयोग

# ग्राम पंचायत आसनडीह में नहीं है शुद्ध पेयजल की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

लुंड्रा क्षेत्र के ग्राम पंचायत आसनडीह आज भी विकास की बाट जो रहे है। प्रदेश में तो सरकारे रही लेकिन ग्राम पंचायत की स्थिति आज भी ज्यों कि त्यों है। आलम यह है कि आजादी के बाद से आज तक ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो सकी। ग्रामीण आज भी स्वच्छ जल के अभाव में ढोढी का पानी पीने को मजबूर है। हैरानी की बात तो यह है कि गांव में एक भी हैंडपंप नहीं है। ऐसा नहीं है कि गांव के लोगों ने जनप्रतिनिधि समेत जिला प्रशासन से शुद्ध पेयजल के लिए गुहार नहीं लगाई बावजूद इसके आज तक ग्राम पंचायत के डारपारा को एक एक हैंडपंप नसीब नहीं हो सका। प्रशासन सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया जिसका खामियाजा गांव के लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

विकासखंड लुण्ड्रा क्षेत्र के ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत आसनडीह डारपारा में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं होने होने से ग्रामीणों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आज भी ग्रामीणों को गांव के बाहर खेत में स्थित ढोढी के पानी को पेयजल के लिए उपयोग करते है। ग्रामीणों ने शुद्ध पेयजल सहित मूलभूत सुविधाओं के लिए सरपंच, ग्राम सभा सहित अधिकारियों को समस्याओं से अवगत कराया परंतु आज तक क्षेत्र के लगभग 40 घरों की बस्ती के लोगों की समस्या बरकरार है। ऐसे में गांव के लोग ढोढ़ी के पानी पीने के लिए मजबूर है। ग्रामीणों के बताया कि अन्य मौसम की अपेक्षा बरसात में उनकी परेशानी काफी बढ़ जाती है। बारिश के कारण एक मात्र उपयोग किए जाने वाले ढोढ़ी का पानी भी गंदा हो जाता है जो पानी पीने योग्य नहीं होता। इसके अवाला ढोढी को ईट से जोड़ कर पक्का और सुरक्षित किया गया है लेकिन ढोढी की सफाई नहीं होने से बीमारी फैलने की संभावना बनी रहती है। बावजूद इसके गांव में शुद्ध पेयजल की सुविधा के तौर पर हैंडपंप नहीं होने के कारण गांव के लोग निस्तारण सहित पेयजल के लिए ढोढ़ी के पानी का उपयोग करने को मजबूर है। ग्रामीणों कहना है कि गांव में कम से कम एक हैंडपंप खनन हो जाती तो पेयजल की समस्या काफी हद तक दूर हो जाती और बरसात में पेयजल की किल्लतों का सामना गांव के लोगों को नहीं करना पडता।

**जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन से कई बार लगा चुके है गुहार**



खेत में स्थित ढोढ़ी से पानी ले जाती महिलाएं।

#### सरपंच सचिव को दिए गए है निर्देश

ग्राम पंचायत आसनडीह में हैंडपंप नहीं है इसकी जानकारी नहीं आई है। गांव में हैंडपंप की व्यवस्था के लिए सरपंच सचिव को निर्देश दिए गए है। जल्द ही हैंडपंप की व्यवस्था हो जाएगी।

-प्रीति भगत, सीईओ लुंड्रा

#### हर वर्ष बीमार पड़ते है लोग

गांव में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं होने से हर रोज गांव के लोग गंदे पानी पीने की वजह से बीमार पड़ जाते है। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व गंदे पानी पीने से गांव में डायरिया बीमारी हो गई थी जिससे कई लोग बीमार पड़ गए थे। हालांकि समय पर उपचार कराने से कोई बड़ी घटना नहीं हुई। इस तरह की स्थिति गांव में बरसात के दौरान ढोढ़ी का गंदा पानी के उपयोग करने से हर वर्ष होता है। बावजूद इसके आज तक शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं हो सकी। गांव में हर वर्ष उल्टी-दस्त से कई लोग पीड़ित होते है जिसका मुख्य कारण गंदा पानी है।

#### कई बार करा चुके है अवगत

ग्रामीणों ने क्षेत्र में मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं कराने पर अनदेखी का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है जिले में आज अधिकांश ग्राम पंचायत की स्थित बेहतर हो गई है जहां पेयजल सहित सारी सुविधा उपलब्ध है परंतु ग्राम पंचायत आसनडीह का आज भी अनदेखी किया जा रहा है जिससे गांव का विकास नहीं हो पा रहा है। गांव के विकास तथा हैंडपंप की मांग को लेकर गई बार जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंप अवगत कराया गया है कि लेकिन आज तक शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं हो सकी।

## विशाल तिरंगा यात्रा में सैकड़ों लोग हुए शामिल



तिरंगा यात्रा में शामिल स्वास्थ्य मंत्री व अन्य।

**खड़गवां।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर जनपद पंचायत खड़गवां में केबिनेट मंत्री एवं प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल से गजमरवा पारा तक निकाली गई।

इसमें आसपास के क्षेत्रों से लगभग 700 से 800 लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के प्रभारी द्वारका जायसवाल रहे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष धरमपाल सिंह श्याम, महामंत्री रमेश जायसवाल, पवन सिंह नेटी, जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष रामलाल साहू, युवा मंडल रामप्रताप, जिला मंत्री अरूणोदय पांडेय, आशीष गुप्ता, राजेन्द्र साहू, वरिष्ठ नेता परमानंद जायसवाल, अशोक खरे, श्याम कार्तिक साहू, अंकित शर्मा, मनोज साहू, सतेन्द्र साहू, पितांबर साहू, अरविंद साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष सोनवती ऊरे, शालू यादव, सुषमा दीवान, कैलाश देवांगन, जनपद अध्यक्ष श्याम बाई, राजकुमार जायसवाल, जनपद सीईओ बंजारे, जनपद उपाध्यक्ष, वीरेन्द्र सिंह, सुनील सोनवानी, रामजी जायसवाल एवं उनका स्टाफ, हाई स्कूल के छात्र-छात्राएं सहित काफी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। राष्ट्रीय ध्वज के साथ निकाली गई इस यात्रा में देशभक्ति के नारे गूंजते रहे और लोगों में आजादी के अमृत महोत्सव का उत्साह देखने को मिला।

## एचएमएस श्रम संगठन का मिलन समारोह



**डोमनहिल।** एचएमएस श्रम संगठन चिरमिरी क्षेत्र के द्वारा छोटा बाजार स्थित सामुदायिक भवन में केन्द्रीय कल्याण मंडल एसईसीएल के सदस्य बजरंगी शाही की उपस्थिति में कर्मचारी मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगठन के उन सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान किया गया, जिन्होंने अपने कार्यकाल में संगठन को निरंतर सहयोग दिया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण से हुई।

इसके पश्चात अतिथियों ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों का शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। सांस्कृतिक मनोरंजन के तहत संगठन पदाधिकारी संतोष बनारसे, अमर सिंह और ऋषि यादव ने गीत प्रस्तुत कर माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। इस मौके पर संगठन की गतिविधियों, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। हाल ही में सेवानिवृत्त हुए उदयनाथ वर्मा, पूरनलाल, जगदीश पटेल, कृष्णा राय और पूरन सिंह का विशेष रूप से सम्मान किया गया। केन्द्रीय सदस्य बजरंगी शाही ने संगठन की दो दशक की सफलता के लिए सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को बधाई दी और कहा कि यह सभी के सामूहिक प्रयास, मेहनत और कर्मठता का परिणाम है। क्षेत्रीय वेलफेयर समिति सदस्य एवं ओसीपी चिरमिरी अध्यक्ष देवेन्द्रनाथ शर्मा ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के स्वस्थ और सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दीं और संगठन को और सशक्त बनाने का आह्वान किया। संगठन के वरिष्ठ सदस्यों ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ पुराने अनुभव और संस्मरण साझा किए, जिससे माहौल भावुक और प्रेरणादायक बन गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ओसीपी सचिव लक्ष्मण पटेल, राजू गर्ग, संतोष बनारसे, बाबू राव, नरेन्द्र सिंह, बलराम सिंह, पंचम सिंह, उमेश पटेल, दुर्गा बहादुर, रणधीर गुप्ता, अजय श्रीवास्तव, राजेश पगारे और राजेश कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

■ सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना: बालिकाओं में दिखा उत्साह




**मनेन्द्रगढ़।** भारत सरकार की लोकप्रिय योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत मिशन शक्ति हब, महिला एवं बाल विकास विभाग जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा बालिकाओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और हर क्षेत्र में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से केन्द्रीय विद्यालय महौरपारा में खेल सप्ताह के द्वितीय दिवस का आयोजन किया गया।

यह आयोजन कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देशन, जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके खाती के मार्गदर्शन और जिला मिशन समन्वयक श्रीमती तारा कुशवाहा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। खेल सप्ताह के इस विशेष दिवस पर मैदान में उत्साह और ऊर्जा का अद्भुत नजारा देखने को मिला, जब बालिकाओं ने आउटडोर खेलों में खो-खो, कुर्सी दौड़, बोरा दौड़, 100 मीटर दौड़ और फ्लाइंडनेस जैसे खेलों में दमदार प्रदर्शन किया। इनडोर खेलों में कैरम, लूडो और सांप-सीढ़ी ने भी प्रतिभागियों को रोमांचित किया। पूरे आयोजन में बालिकाओं का आत्मविश्वास, जोश और खेल भावना देखते ही बनती थी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास का निर्माण, उनकी छिपी हुई प्रतिभा को उजागर करना और उन्हें समाज तथा देश में अपनी अलग पहचान बनाने के लिए प्रेरित करना है। महिला एवं बाल विकास विभाग का मानना है कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि यह बालिकाओं को नेतृत्व, टीम वर्क और अनुशासन जैसे जीवन मूल्यों को अपनाने का अवसर भी प्रदान करते हैं। खेल के माध्यम से बालिकाओं में वह ऊर्जा और संकल्प विकसित होता है, जो उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। द्वितीय दिवस के अंत में विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह ने प्रतिभागियों के उत्साह को और बढ़ा दिया और उन्हें भविष्य में और भी जोश और मेहनत के साथ प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

आयोजन को सफल बनाने में शिक्षा विभाग से रणधीर ठाकुर, खेल एवं युवा कल्याण विभाग से विनोद जायसवाल और केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य ज्योति खाखा का विशेष सहयोग रहा। महिला एवं बाल विकास विभाग मिशन शक्ति हब से जिला मिशन समन्वयक श्रीमती तारा कुशवाहा ने पूरे कार्यक्रम का कुशल संचालन किया, वहीं वित्तीय साक्षरता समन्वयन मिशन शक्ति हब से अनीता कुमारी साह, सुपरवाइजर कलावती और चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 से देवंति बाई ने भी कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में डीएवी लटोरी ने जीते मैच

**बिश्रामपुर।** नगर के एकता स्टेडियम में 13 वां विद्यालय स्तरीय प्रोत्साहन कप फुटबॉल प्रतियोगित में क्वार्टर फाइनल मैच का दौर शुरू हो गया है।आज रविवार को का पहला क्वार्टर फाइनल मैच डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर व शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कंदरई के मध्य खेला गया जिसमें रोमांचक मैच में डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर की टीम ने 1-0 से मैच जीत लिया है, मैन ऑफ द मैच शुभम मुदलियार रहे,दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल लटोरी व शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल डुमरिया के मध्य खेला गया, दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और लटोरी टीम ने 3-0 से मैच में विजय हासिल कर लिया,इसमें मैन ऑफ द मैच लटोरी के बिंदेश रहे, यहाँ पर मुख्य अतिथि शेखर आनंद ने विजेताओं को पुरस्कृत किया,मैच में मुख्य निर्णायक पीयूष,साजू और आशुतोष रहे,लाइन्स मैन की भूमिका में हेमन्त राजवाड़े,अभय प्रजापति, मिंशू सारथी थे।

## प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना: शिविर में बताए गए लाभ

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एमसीबी) जिला नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत जिले में आम नागरिकों को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित करने और इसके महत्व की जानकारी देने के लिए जिला स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

इस पहल का उद्देश्य घरेलू उपभोक्ताओं को स्वच्छ एवं सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराना, बिजली बिल में बचत सुनिश्चित करना और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना है। कार्यक्रम के तहत 12 अगस्त को चिरमिरी सब-डिवीजन में तथा 13 अगस्त को मनेन्द्रगढ़ सब-डिवीजन न्यायालय परिसर में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में आमजन को सौर ऊर्जा से जुड़ी तकनीकी जानकारी योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी, आवेदन प्रक्रिया और दीर्घकालिक लाभ के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। संचालन भगवती इंटरप्राइजेज मनेन्द्रगढ़ के व्यंकटेश अग्रवाल टाटा पावर सोलर सिस्टम के विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा। तकनीकी सहयोग के लिए एई गुलाब गबेल,कनिष्ठ यंत्री मनुप्रिया भारद्वाज भी मौजूद रहेंगी। शिविर में बताया जाएगा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत उपभोक्ता अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगाकर बिजली उत्पादन कर सकते हैं, इससे न केवल उनके घरेलू बिजली खर्च में कमी आएगी, बल्कि अतिरिक्त उत्पादित बिजली को ग्रिड में बेचकर आय भी अर्जित की जा सकेगी। योजना के तहत पात्र उपभोक्ताओं को केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर सब्सिडी प्रदान की जाती है, जिससे प्रारंभिक लागत में भारी कमी आती है। सौर ऊर्जा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विशेषज्ञों ने कहा कि यह ऊर्जा का सबसे स्वच्छ और असीम स्त्रोत है, जो कार्बन उत्सर्जन को कम करता है और पर्यावरण संरक्षण में अहम भूमिका निभाता है। शिविर में उपस्थित अधिकारी नागरिकों को यह भी बताएंगे कि सोलर पैनल की देखरेख और रख-रखाव कैसे किया जाए, ताकि वह लंबे समय तक उच्च दक्षता के साथ काम करता रहे। इस अवसर पर योजना से संबंधित पंजीकरण प्रक्रिया को भी सरल एवं पारदर्शी तरीके से समझाया जाएगा। इच्छुक नागरिक अपने आधार कार्ड, बिजली बिल और आवश्यक दस्तावेजों के साथ मौके पर ही आवेदन कर सकेंगे।

## ओल्ड पेंशन योजना में सुधार की मांग

**खड़गवां।** प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने 10 अगस्त को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से उनके गृह ग्राम रतनपुर स्थित निवास में ससम्मान मुलाकात कर ओल्ड पेंशन योजना से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। संघ के पदाधिकारियों ने अवगत कराया कि एलबी संवर्ग के जिन शिक्षकों की नियुक्ति वर्ष 1998 या उसके बाद हुई थी, उनका संविलियन 2018 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में हुआ। ऐसे शिक्षकों की सेवा गणना पेंशन के लिए 2018 से मानी जा रही है। परिणाम स्वरूप जो शिक्षक 2028 के पूर्व सेवानिवृत्त हो रहे हैं, उनकी सेवा अवधि 10 वर्ष से कम मानी जाने के कारण उन्हें ओल्ड पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जबकि उन्होंने 25-30 वर्षों तक सेवा दी है। नवीन पेंशन योजना के तहत इन शिक्षकों को मात्र 1000-1200 रूपए मासिक पेंशन मिल रही है, जिससे वृद्धावस्था में उन्हें गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। संघ ने मंत्री से मांग की कि इन शिक्षकों की पेंशन के लिए सेवा गणना उनकी पहली नियुक्ति तिथि (1998 या शिक्षाकर्मी पद पर नियुक्ति तिथि) से की जाए।

## पृष्ठ 1 का शेष

### ट्रैफिक मैन महेश...

को यातायात के प्रति प्रशिक्षित और जागरूक किया है। कोरोना काल में उन्होंने गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा की, निःशुल्क चश्मा वितरित किए, सड़क के गड्ढे भरे और यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए अनेक नवाचार किए। संस्कृत, राजनीति विज्ञान और समाजशास्त्र में स्नातकोत्तर गोल्ड मेडलिस्ट मिश्रा वर्तमान में यातायात नियमों के परिपालन संबंधी जागरूकता छग राज्य के कोरिया जिले के विशेष परिप्रेक्ष्य में विषय पर पीएचडी कर रहे हैं।

### मंदिर स्थल को...

को किसी भी प्रकार की क्षति न पहुंचे, इसके लिए उन्होंने दक्षिण भाग में लगभग 6 हजार वर्ग फुट में स्थित जर्जर मकान को अस्पताल विस्तार के लिए उपयोग करने का सुझाव दिया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि श्री चित्रगुप्त मंदिर केवल स्थानीय कायस्थ परिवारों ही नहीं, बल्कि कोरिया एमसीबी क्षेत्र और मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले के श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र हैं। विशेष अवसरों पर यहां हजारों श्रद्धालु एकत्र होकर भव्य धार्मिक आयोजन करते हैं। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि आस्था के प्रतीक इन स्थलों को किसी भी प्रकार से क्षति नहीं पहुंचने दी जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का विकास भी नगरवासियों की भावनाओं और परंपराओं को सुरक्षित रखते हुए किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान वरिष्ठ पदाधिकारी आरबी श्रीवास्तव, वीरेन्द्र श्रीवास्तव, लखनलाल श्रीवास्तव, राजीव वर्मा, बृजभूषण श्रीवास्तव, राजेश सिन्हा, अशोक श्रीवास्तव, प्रकाश श्रीवास्तव, हिमांशु श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव सहित अन्य समाजजन उपस्थित रहे।










